तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 जुलाई 2025

12 सीएम ने दी कई विकास योजनाओं की सौगात ..



12 पर्यायवरण को संरक्षित रखने का छात्रों ने लिया संकल्प



## खबर संक्षेप

### प्रो. अवनेश ने संभाला विभागाध्यक्ष का कार्यभार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के प्रो. अवनेश वर्मा ने इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के चेयरपर्सन का कार्यभार विधिवत रूप से संभाला। उन्होंने पदभार संभालने के बाद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए विभाग के हित में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही। प्रो. अवनेश वर्मा एकेडमिक कांउसिल तथा फैकल्टी ऑफ साइंसिज के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे। इस अवसर पर प्राक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. प्रदीप कुमार, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. विजेन्द्र बजार्ड, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. हरविन्द्र सिंह लौंगोवाल, डॉ. नितिन सहगल, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बाइक सवार युवक ने छीने दो हजार रुपये

**यमुनानगर।** छछरौली में परचून की दुकान पर सामान लेने आई लड़की से बाइक सवार युवक दो हजार रुपये छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। काजल माजरा छछरौली निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी छछरौली में परचून की दुकान है। 27 जुलाई को शाम साढ़े छह बजे उसकी लड़की विशाखा दुकान पर सामान लेने के लिए आई थी। इस दौरान उसके हाथ में दो हजार रुपये थे। इस दौरान बाइक पर सवार होकर एक युवक आया। आरोपी ने आते ही उसकी लड़की विशाखा के साथ से दो हजार रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गया।

### खून से लथपथ व्यक्ति का शव मिला

**कुरुक्षेत्र।** झांसा थाना के अंतर्गत गांव शांति नगर कुरड़ी में मस्जिद के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। व्यक्ति के सिर पर चोट के निशान है। आशांका जताई जा रही है कि व्यक्ति का मर्डर किया गया है। झांसा पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक व्यक्ति की पहचान करीब 35 वर्षीय अजैब सिंह निवासी शांति नगर कुरडी के तौर पर हुई है। अजैब सिंह मेहनत-मजदूरी करता था।

### साइबर ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में दर्ज साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहम्मद असीम व उबेज मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी उत्तराखंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। आरोपियों से नकदी व मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। परिवादी नंदन ने 16 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2024 से 6 जनवरी 2025 को के दौरान कालाअंब नारायणगढ़ में आरोपियों ने सोशल मीडिया पर बैंक ऑक्शन व्हीकल्ज नामक ग्रुप से जोड़कर नीलाम वाहनों की खरीद के मामले में उससे एक बड़ी रकम ठगने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### देसी कट्टा व रौंद सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर के कक्कड़ माजरा पुल के नीचे अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी साहिल को अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है।

## राज्य स्तरीय वन महोत्सव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबोधित किया

# कालका से लेकर कलेसर तक के क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में किया जा रहा है विकसित

**मुख्यमंत्री ने कालेश्वर महादेव मठ मंदिर में की भगवान शिव की पूजा अर्चना**

- वन विभाग के नव निर्मित विश्राम गृह का किया उद्घाटन
- वन महोत्सव प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता, हमारे दायित्व और आने वाली पीढ़ियों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जीवन का आधार प्रकृति है। प्रकृति का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आज हम आधुनिकता की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वन महोत्सव हमें इसी बात की याद दिलाता है कि विकास की अंधी दौड़ में हम प्रकृति का शोषण न करें। बल्कि उसके साथ मिलकर रहना सीखें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को यमुनानगर के कलेसर में वन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि उक्त बात कही। मौके पर उन्होंने पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के नव निर्मित विश्राम गृह का उद्घघाटन भी किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यस्तरीय वन महोत्सव में शिरकत करने से पहले कालेश्वर महादेव मठ मंदिर में जाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की और प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता, हमारे दायित्व और आने वाली पीढ़ियों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेसर क्षेत्र न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बल्कि पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों और ट्रेकिंग करने वालों के लिए भी बेहद आकर्षक स्थल है। सरकार कालका से लेकर कलेसर तक के पूरे क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित कर रही है।



**यमुनानगर।** कलेसर में आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव के दौरान कलेसर मठ में महादेव की पूजा अर्चना करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।



**यमुनानगर।** कलेसर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व समारोह में भाग लेते लोग। फोटो : हरिभूमि



**यमुनानगर।** कलेसर में वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के नवनिर्मित विश्रामगृह का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश में लगाए जाएंगे 2.10 करोड़ पौधे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वन क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पौधारोपण करते हुए एक पेड़ मां के नाम से एक अनूठा अभियान शुरू किया था। इसी कड़ी में एक पेड़ मां के नाम के पहले चरण में हरियाणा में 1 करोड़ 60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। हमने लक्ष्य से बढ़ाकर 1 करोड़ 87 लाख पौधे लगाए। इस साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के दूसरे चरण की शुरूआत की है। दूसरे चरण में 90 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा इस साल अन्य योजनाओं में प्रदेश में कुल 1 करोड़ 20 लाख पौधे और लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार प्रदेश में 2 करोड़ 10 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

### कलेसर नेशनल पार्क की होगी सुरक्षा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कलेसर नेशनल पार्क में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यहां अवैध शिकार पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इसी का परिणाम है कि पिछले वर्ष अप्रैल, अक्तूबर और फरवरी माह में 8 से 10 हाथियों का समूह यहां देखा गया। बनसंतोर में हाथियों का पुनर्वास किया गया है। हमने वनों और वन्य जीवों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने के लिए यहां जीप सफारी व बच्चों के स्टडी टूर आदि की व्यवस्था भी की है।

### जीवों के लिए पानी उपलब्ध कराने के बनाए बांध

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने दक्षिण हरियाणा में हरित अरावली कार्य योजना का भी शुभारंभ किया है। केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई यह परियोजना अरावली पहाड़ियों के चार राज्यों मे लागू की जाएगी। जिनमें हरियाणा भी शामिल है। इन चार राज्यों में 29 जिलों का चयन किया गया है। जिनमें पांच जिले हरियाणा के हैं। राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों विशेषकर शिवालिक एरिया में जल संरक्षण करने के लिए बांध बनाए गए हैं। जो वन्य जीवों के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराने के साथ साथ भूमिगत जल स्तर को भी सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक प्रदेश में लगभग 18 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। वहीं, सरकार ने 75 साल से अधिक आयु के वृक्षों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए प्राणवायु देवता पेंशन स्कीम शुरू की है।

### पुस्तिकाओं का किया विमोचन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा फारेस्ट न्यूज और प्राण वायु देवता पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा ये पुस्तिकाएं केवल सूचना के स्रोत नहीं हैं। बल्कि ये वन संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के हमारे प्रयासों का अभिन्न अंग हैं। मौके पर प्रदेश के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूरगामी परिमाण सामने आएंगे। हमें इस अभियान में शामिल होते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। पौधे लगाने के साथ हमें उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन सरण आदि ने पुष्प गुच्छा देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### वानिकी को बढ़ावा देने के लिए शुरु की योजनाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शहरी वानिकी को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष योजनाएं शुरू की हैं। ताकि शहरों में भी हरियाली बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही अवैध कटाई को रोकने और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कड़े कदम उठाए हैं। वन विभाग को इस दिशा में और अधिक सक्रिय होने के निर्देश दिए गए हैं।

**नुकसान की स्पेशल गिरदावरी करवा कर मुआवजा दे सरकार : प्रिंस वड़ैच**

# धान की फसल पर फिजी वायरस का प्रकोप किसान ने 10 एकड़ फसल को किया नष्ट

- कृषि वैज्ञानिकों की टीम भेजकर इस वायरस के कारणों और रोकथाम के उपाय बताए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

क्षेत्र में धान की फसल पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। हाल ही में फीजी वायरस नामक एक संक्रामक बीमारी ने पूरे इलाके में धान की फसल को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचाया है।

इस वायरस के कारण धान के पौधे बौने हो गए हैं जिसकारण उत्पादन पूरी तरह चौपट हो सकता है इसीलिए किसान अपनी खड़ी फसल को नष्ट करने के लिए मजबूर है। इससे किसान संकट में हैं और कई जगहों पर मजबूरन अपनी फसल नष्ट करके दोबारा रोपाई करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें दोहरी आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है। असमानपुर में भी किसान जितेन्द्र सिंह को अपनी 10 एकड़ फसल को नष्ट करना पड़ा और अब दुबारा धान लगानी पड़ेगी जो की दोहरी आर्थिक मार है एक तो पहले धान की रोपाई पर लगाया गया पैसा खराब और अब लेट लगाई गई धान उत्पादन भी कम देगी। भाकियू पिहोवा की टीम असमानपुर पहुंची आसपास के किसानों से मिलकर कृषि विभाग के अधिकारियों को बुलाया और प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करवाने की मांग की। किसानों की मांग है कि पूरे पिहोवा क्षेत्र की विशेष गिरदावरी करवाई जाए और नुकसान का आकलन करके किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। प्रति एकड़ 20000 रुपये मुआवजा घोषित कर सीधे किसानों के खातों में भेजा जाए। कृषि वैज्ञानिकों की टीम भेजकर इस वायरस के कारणों और रोकथाम के उपाय बताए जाएं।



**पिहोवा।** फसल को नष्ट करता किसान जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### ट्रक की चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत, पिता घायल

- शहर के भगत सिंह चौक के पास हुआ हादसा

**यमुनानगर।** शहर के भगत सिंह चौक के पास पिता के साथ एक्टिवा पर खाना लेकर घर लौट रही बच्ची की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे में बच्ची का पिता भी घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल के चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर के संत नगर निवासी दीपक साहनी रविवार को अपनी 12 वर्षीय बेटी मन्नत के साथ बाजार में खाना लेने के लिए गया था। जब वह दोनों एक्टिवा पर खाना लेकर घर लौट रहे थे तो शहर के भगत सिंह चौक के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह दोनों ट्रक की चपेट में आ गए।

**करनाल के नागला मेघा गांव में वारदात से हड़कंप**

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई घायल, अंगूठा व दांत काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नागला मेघा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। एक ही परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। मामला महिला से गाली-गलौच और मारपीट से शुरू होकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमले तक जा पहुंचा। शिकायतकर्ता विजय ने बताया कि 25 जुलाई को उसकी चाची रानी किसी काम से ग़ुगा माड़ी के पास जा रही थी, तभी रास्ते में आरोपी नरेश ने उसे गालियां दीं और हाथ में रॉड से वार किया। जब रानी के भाई महेंद्र ने बीचबचाव किया तो उसे भी पीटा गया।

**महिलाओं को पीटा, रास्ता रोककर डंडों से हमला**

घटना के अगले दिन 26 जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे आरोपी पक्ष के दीपा, अर्जुन, बिट्टू, वंश, संतोष, विमला और सुमन समेत अन्य लोग महेंद्र के घर पहुंचे और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। आरोप है कि उन्होंने महेंद्र की बहन और चाची को भी बेरहमी से पीटा। रेखा ने लोहे की रॉड से रानी के दाहिने हाथ पर वार किया, वहीं अन्य महिलाओं को भी काजल से पीटा गया। जब शमसुद्दीन और सुलतान बीच-बचाव करने आए तो दीपा ने शमसुद्दीन के अंगूठे पर डंडा मार दिया, जिससे उसका अंगूठा और दांत टूट गए। युवक विजय और उसका चाचा महेंद्र मेडिकल कराने के लिए जा रहे थे।

#### मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज

घायलों में विजय, रानी, शमसुद्दीन और सुलतान शामिल हैं। सभी की मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी गई है। जांच अधिकारी अजय ने बताया कि शिकायत के आधार पर अर्जुन, दीपा, बिट्टू, रेखा, बंसी, नरेश, वंश, संतोष, विमला और सुमन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।



### केयू: बीए की 112 रिक्त सीटों की हुई ओपन फिजिकल काउंसलिंग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस संस्थान में दाखिले की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। आईआईएचएस संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि सोमवार को बीए की 450 में से 112 रिक्त सीटों के लिए विद्यार्थियों के लिए ओपन फिजिकल काउंसलिंग की गई जिसमें विद्यार्थियों के मूल दस्तावेजों की जांच की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीए की 112 रिक्त सीटों के लिए आल इंडिया कैटेगरी की मेरिट 100.2 से शुरू हुई वहीं हरियाणा सामान्य की 89.6 प्रतिशत, अखिल भारतीय ईडब्ल्यूएस की मेरिट 89.4, बीसीए की 82 प्रतिशत, ओएससी की मेरिट 82, डीएससी की 81.4, बीसीबी की 81 प्रतिशत तथा हरियाणा ईडब्ल्यूएस की मेरिट 79.2 से शुरू हुई।

**कार्यक्रम** प्रजापति धर्मशाला में महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति के जयंती समारोह आयोजित

# परंपरागत कुम्हार की कला को पुनर्जीवित करने की है आवश्यकता: रणवीर गंगवा

**लोक निर्माण मंत्री का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का आयोजन कपाल मोचन स्थित प्रजापति धर्मशाला में किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा सरकार के लोक निर्माण (भवन एवं सड़क)एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने भाग लिया। मौके पर आयोजकों द्वारा लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि एवं कैबिनेट मंत्री गंगवा ने महाराज गुरु दक्ष प्रजाप्रति मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। लेक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि लाखों साल पहले प्रजापति ब्रह्मा ने पंच तत्वों पृथ्वी, जल, वायु, आकाश और अग्नि से सृष्टि की रचना की थी। इसके बाद उनके पुत्र दक्ष प्रजापति ने इन तत्वों का उपयोग बर्तनों की कलाकारी में किया और इस प्रकार वे मनुष्यों में पहले कलाकार के रूप में माने जाते हैं। गंगवा ने बताया कि कुम्हार को प्रजापति की संतान माना जाता है और उन्हें ही प्रजापति के रूप में सम्मानित किया जाता है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि चाक का अविष्कार इस कला को और भी बढ़ावा देने में सहायक साबित हुआ। हरियाणा में विवाह के अवसर पर चाक की पूजा की जाती है। जिससे इस कला को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के वैश्वीकरण के युग में परंपरागत कुम्हार की कला को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। यह केवल एक कला नहीं है। बल्कि इसमें प्रजापति की कलात्मक सोच, कुशलता और कौशल छिपा हुआ है। उन्होंने प्रजापति समाज से आग्रह किया कि वह नई तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए पुराने परंपरागत तरीकों के साथ साथ सजावटी वस्तुएं बनाने की दिशा में भी कदम बढ़ाएं। कई योजनाओं के बारे में भी बात की जो पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए चलाई जा रही हैं।



**यमुनानगर।** कपालमोचन स्थित प्रजापति धर्मशाला में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मातित करते प्रजापति समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

#### धर्मशाला के शेड निर्माण के लिए 21 लाख देने की घोषणा की

उन्होंने बताया कि सरकार का मुख्य उद्धेश्य समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना है। इसके लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। जिनका उद्धेश्य पिछड़े वर्गों तक विकास के लाभ पहुंचाना है। कांग्रेस सरकार के समय युवाओं को पर्ची खर्ची के आधार पर नौकरी मिलती थी। लेकिन उनकी सरकार ने मेरिट के आधार पर नौकरियों का चयन शुरू किया है। अब गरीब के घर के बच्चे भी सरकारी नौकरियों में नियुक्त हो रहे हैं। यह उन लोगों के लिए एक बड़ा बदलाव है। जो पहले कभी इस बारे में सोचते भी नहीं थे। उन्होंने महाराज गुरु दक्ष प्रजापति धर्मशाला के शेड निर्माण के लिए 21 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

**बिना लाइसेंस ड्राइवर चला रहा था रोडवेज बस**

# रिटायर्ड कानूनगो को बस ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

- परिजनों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गांव जुंडला में हरियाणा रोडवेज की एक बस ने रिटायर्ड कानूनगो को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 65 वर्षीय रामेश्वरदास निवासी जुंडला के रूप में हुई है। वह रविवार देर शाम जुंडला-कर्नाल रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन में सेवा कर साइकिल से लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर से वह सड़क किनारे जा गिरे और सिर, हाथ, पैर व पसलियों में गंभीर चोटें आईं। उन्हें आनन-फानन में करनाल के सिनेस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और सोमवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रोडवेज बस ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक के बेटे अंकित ने बताया कि उनके पिता रामेश्वरदास राजस्व विभाग से कानूनगो पद से रिटायर थे और सेवा भाव में सत्संग भवन में नियमित कार्य करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रोडवेज चालक की लापरवाही और डिपार्टमेंट की अनदेखी ने उनके पिता की जान ले ली। अंकित के अनुसार, बस चालक हादसे के समय नींद में था और जब उससे लाइसेंस मांगा गया, तो वह लाइसेंस भी नहीं दिखा सका। बस में सीईटी परीक्षा देकर लौट रहे अभ्यर्थी सवार थे और चालक की लापरवाही से उन सभी की जान भी खतरे में डाल दी गई थी।

**खबर संक्षेप**



## नवीन विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**रादौर।** मुकंदलाल कॉलेज में सोमवार को आर्ट एंड कॉमर्स प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने नवीन छात्र-छात्राओं को उनके विषय संबंधित सही चुनाव हेतु पर्याप्त जानकारी दी। डॉ.शर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जो विषय चुनाव की प्रक्रिया है वह जटिल है, इसलिए छात्र-छात्राएं इसमें सही जानकारी के अभाव के कारण सही विषय का चुनाव नहीं कर पाते। मौके पर डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.रीचा सीकरी, प्रो.पूजा वर्मा, प्रो.नवीन भारद्वाज, प्रो.आशीष भल्ला, प्रो.जयचंद, प्रो.बंटी कुमार, प्रो.सिमरन आदि मौजूद थे।

## मारपीट कर जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुरा में एक व्यक्ति पर गांव शेरपुर निवासी जयमल के साथ मारपीट कर उसे जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगा है । पुलिस ने जयमल की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव शेरपुर निवासी जयमल ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 26 जुलाई को किसी काम से गांव शाहपुरा गया था। इस दौरान वहां पर उसकी जय भगवान के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जाति सूचक शब्द बोले। आसपास के लोगों ने उसे आरोपी से छुड़वाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## बैंक की योजनाओं से करवाएं अवगतः बंचल

**रादौर।** दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड परिसर में बैंक की 31वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में मुख्यातिथि के रुप में बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने भाग लिया। मौके पर बैंक के जीएम अभिषेक भी मौजूद रहे। आम सभा में सहकारी संस्थाओं के 230 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंच संचालन विकास अधिकारी सुशील शर्मा ने किया। बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने आम सभा में मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

## जोएना मेहता को मिला श्रेष्ठ प्रतिनिधि का खिताब

**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में चल रहे तीन दिवसीय एनवाय एमयूएन 8.0 (मॉडल यूनाइटिड नेशन्स) कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के विदेशी सहयोग विभाग के सलाहाकार पवन कुमार चौधरी ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल के कार्यक्रम के समापन पर हरियाणा के विदेशी सहयोग विभाग के सलाहाकार पवन कुमार चौधरी ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग।

## नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने विकास कार्यों की दी जानकारी

# ट्विन सिटी के चार वार्डों में करवाए जाएंगे 142.34 लाख रुपये के विकास कार्यः बहमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी (यमुनानगर जगाधरी) के चार वार्डों में 142.34 लाख रुपये के विकास कार्यों का करवाया जाएगा। इन विकास कार्यों में वार्ड 11, 15, 16 व 17 में गलियों व नालियों का निर्माण, सैन धर्मशाला में शौचालय व चारदीवारी और वार्ड 17 के शिव नगर व आदर्श नगर में आरसीसी नाले का निर्माण करवाया जाएगा। उक्त जानकारी सोमवार को नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा इन विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किए हैं। टेंडर अलॉट होते ही सभी कार्यों का निर्माण शुरू करवाया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को सभी विकास कार्यों के टेंडर अलॉट होते ही निर्धारित समय अवधि में निर्माण पूरा कराने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि कुछ दिन पहले भी नगर निगम द्वारा लगभग चार करोड़ 61 लाख रुपये के विकास कार्यों के टेंडर जारी किए गए थे। ये विकास कार्य टेंडर प्रक्रिया है। अब निगम द्वारा 142.34 लाख रुपये से होने वाले विकास कार्यों के ई.टेंडर जारी किए है।



उन्होंने बताया कि 24.57 लाख रुपये की लागत से वार्ड 15 की हरी नगर कॉलोनी में जगदीश बावा के घर से गोयल आटा चक्की तक गली व साथ लगती गलियों का निर्माण व एनपी 2 पाइप बिछाने का कार्य किया जाएगा। वार्ड 16 के लक्ष्मी गार्डन में 26.25 लाख की लागत से डमरू चूर्ण वाले के घर से वालिया बुटीक तक, जसबीर बागा के घर से दीपक शर्मा के घर तक और दलजीत के घर से रोशन ढींगरा के घर तक गलियों व एनपी 2 पाइप डालने का कार्य किया जाएगा। वार्ड नंबर 15 के लाजपत नगर में 21.30 लाख रुपये की लागत से अकाउंटेंट दुर्गा दास के घर से हरिओम हरजाई की दुकान तक पक्की गली व नालियों का निर्माण किया जाएगा।

31.44 लाख की लागत से वार्ड 17 के शिव नगर में मांगे राम के घर से मनु के घर तक, छबीला के घर से देवेंद्र के घर तक गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। 38.78 लाख की लागत से वार्ड 11 के गधौली स्थित सैन धर्मशाला में शौचालय और चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 30.19 लाख की लागत से वार्ड 17 के शिव नगर से आदर्श नगर तक आरसीसी नाले का निर्माण किया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा संकल्प सभी वार्डों का सतत विकास और जनता की सुविधाओं का विस्तार करना है। इसको लेकर नगर निगम द्वारा गंभीरता से हर वार्ड में विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## लोगों को गर्मी से मिली राहत, शहर में हुए जलभराव से बढ़ी परेशानी

# मौसम ने ली करवट : जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज हुई बारिश

बारिश होने से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, शहर के निचले इलाकों में जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





**यमुनानगर।** बरसात के बाद निचले इलाकों में भरे बारिश के पानी से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

पिछले कई दिन से गर्मी और उमस की तपिश में झूलस रहे लोगों को आखिरकार सोमवार को जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश ने राहत दिलाई। बारिश होने से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, शहर निचले इलाकों में जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। सोमवार को सुबह से ही आकाश मे बादल छाए हुए थे। दोपहर होते ही बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। बारिश की शुरुआत हल्की बूंदाबांदी से हुई जो धीरे-धीरे तेज होती चली गई और कुछ घंटों तक जारी रही। बादल छाए रहने और ठंडी हवाओं के चलने से मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया। लोगों ने गर्मी से राहत मिलने पर चैन की सांस ली। बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं सभी ने बारिश का आनंद लिया। जगह-जगह लोग घरों की छतों, गलियों और चाय की दुकानों पर मौसम का लुत्फ उठाते देखे गए। बारिश के चलते अचानक तापमान में आई गिरावट ने सभी को राहत दी। तापमान जहां 40 डिग्री के करीब पहुंच गया था। वहीं आज बारिश के बाद करीब 32 डिग्री तक आ गया। शहर के अनेक इलाकों में लोगों ने मौसम के मिजाज का स्वागत किया। टहनियों पर झूलती ठंडी हवा और रिमझिम बारिश ने लोगों को मानसून की असली खूबसूरती का एहसास कराया।

### निकासी व्यवस्था बनी परेशानी का कारण

बारिश जहां एक ओर राहत लेकर आई वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लचर व्यवस्था ने एक बार फिर लोगों की परेशानी बढ़ा दी। शहर के कई मुख्य इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मॉडल टाउन, प्रोफेसर कॉलोनी, आजाद नगर, विजय नगर, लाजपत नगर, जगाधरी की मुख्य सड़कों पर अन्य इलाकों में भी जलभराव की समस्या बनी रही। पानी के बीच वाहन चालकों को भारी परेशानी हुई। शहरवासी कमल ने बताया कि बारिश तो राहत लेकर आती है लेकिन नगर निगम की लापरवाही इसे परेशानी में बदल देती है। हर बरसात में सड़कों पर पानी जमा हो जाता है।

## बरसाती पानी की निकासी के अभाव में परेशान रादौरवासी

- दुकानदारों के साथ-साथ कॉलोनीवासी भी लगा रहे हैं पानी निकासी की फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगरपालिका की ओर से नालों की सफाई व बरसाती पानी की निकासी पर लाखों रूपये खर्च करने के बाद भी बरसाती पानी का गलियों में जमा होना नहीं रूक रहा है। स्थानीय लोग गलियों में बरसाती पानी जमा होने से परेशान दिखाई दे रहे हैं। यही नहीं स्थानीय दुकानदार भी नगरपालिका कर्मचारियों को कोसते नजर आते हैं। क्योंकि वे आम लोगों की तो क्या पार्षदों तक की नहीं सुन रहे हैं।

रादौर के खेड़ा मोहल्ला, कॉलेज रोड, छिंबी मोहल्ला, पटाक माजरी व अन्य जगहों पर बरसात आने पर पानी गलियों में खड़ा देखा जा सकता है। वहीं लोगों के घरों में भी बरसाती पानी घुस जाता है। नपा सचिव भी विकास कार्यों पर हुए खर्च के बाद भी समस्या का ज्यों के त्यों रहने का जवाब नहीं दे पाते। जिससे स्थानीय लोगों में नपा की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय दुकानदारों जितेंद्र कुमार, मोंटी, सचिन, बिट्टू, राकेश व कुलवंत आदि ने बताया कि उनकी दुकानें कॉलेज रोड पर हैं। बरसात आने पर उनकी दुकानों में पानी घुसने का डर हमेशा सताता रहता है। लेकिन नगरपालिका को यह सब दिखाई नहीं देता। कृषि मंत्री की विधानसभा होने के बाद भी शहर में ये हाल है, तो गांवों की तो बात ही क्या है। कॉलोनी वासियों मनीष, शेर सिंह, नीरज, संयम, प्रदीप, कमलेश, राजपाल, सुदेश, कमलेश व कर्ण आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा पानी की निकासी के लिए किए गए प्रबंध ठीक नहीं हैं। जिन लोगों को बरसाती पानी से दिक्कत होती है केवल वे ही जानते हैं। अधिकारियों ने नालियां बंद कर अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाई है। जो कभी साफ नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि बरसात के दिनों में उनकी गली में बरसाती पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए।



**यमुनानगर।** रादौर में कॉलेज रोड पर भरा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय सर्व समाज कल्याण मंच के भाई इंद्रजीत सिंह लक्की बने जिला अध्यक्ष

- नवनियुक्त जिला प्रधान भाई इंद्रजीत सिंह लक्की को फुलमालाएं पहनाकर मंच के सदस्यों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राष्ट्रीय सर्व समाज कल्याण मंच के सदस्यों की सोमवार को शहर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चौहान ने की। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से भाई इंद्रजीत सिंह लक्की को जिला प्रधान बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चौहान ने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए भाई इंद्रजीत सिंह लक्की को जिला प्रधान, मुस्तीम पोसवाल को जिला सचिव, अश्वनी चौधरी को जिला उपाध्यक्ष व ललित चोपड़ा को सह सचिव नियुक्त किया गया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सर्व समाज कल्याण मंच का मुख्य उदेश्य सर्वसमाज के असहाय व जरूरतमन्द बच्चों को उनकी शिक्षा में मदद करना व उन्हें स्कूल की फीस,किताबें, कापियां व स्कूल की वर्दी आदि उपलब्ध करवाना है । मंच के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भाई इंद्रजीत सिंह ने बताया कि संस्था भविष्य में भी ऐसे असहाय व गरीब बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए प्रयासरत है।

जो बच्चे पढ़ना चाहते हैं और किसी भी कारणवश पढ़ नहीं पा रहे हैं तो मंच द्वारा उनका सहयोग किया जाएगा।



**यमुनानगर।** आयोजित बैठक में राष्ट्रीय सर्व समाज कल्याण मंच के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भाई इंद्रजीत सिंह का स्वागत करते हुए मंच के सदस्य।

## प्रदेशभर में सामाजिक न्याय जत्था चलाएगी जनवादी महिला समिति

- अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति द्वारा बैठक आयोजित कर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति हरियाणा की जिला कमेटी की एक बैठक सनराइज स्कूल शिव नगर कैंप में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति की जिला प्रधान राजेश्वरी ने की व संचालन जिला सचिव शालू ने किया। बैठक में जनवादी महिला समिति द्वारा सात अगस्त तक प्रदेश भर में सामाजिक न्याय जत्था चलाने का निर्णय लिया। समिति की प्रधान राजेश्वरी व कोषाध्यक्ष सोमवती ने बताया कि देश भर में बढ़ रहे अंधविश्वास, रूढ़िवाद, पितृ सत्ता, नफरत, जातिवाद, सांप्रदायिकता, भेदभाव, असमानता और शोषण के खिलाफ जनवादी महिला समिति सामाजिक न्याय जत्था चलाएगी। इस जत्थे के माध्यम से हमारे देश की साझी संस्कृति, साझी विरासत और साझे संघर्षों को सामने लाने का प्रयास भी किया जाएगा। इसका मुख्य आह्वान है कि हम अपने रोजमर्रा के जीवन में गैर बराबरी और अन्याय पर आधारित रीति रिवाजों एवं परंपराओं की पहचान कर उन्हें छोड़ने की दिशा में बढ़ें। हम सब मिलकर जनता के बुनियादी मुद्दों के लिए संघर्ष का ऐलान करें और सामाजिक न्याय हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि यह जत्था प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और महिलाओं की प्रेरणा स्त्रोत कैप्टन लक्ष्मी सहगल को समर्पित होगा। जिनकी 23 जुलाई 2012 को 98 साल की उम्र में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने आजाद हिन्द फौज में सुभाष चन्द्र बोस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी तथा आजादी के बाद महिलाओं और वंचित तबकों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने मरने के बाद अपना शरीर भी मेडिकल कॉलेज के छात्रों को शोध के लिए दान में दे दिया। मौके पर रोशन लाल, विनोद त्यागी, रिटायर्ड संघ जिला प्रधान जोत सिंह, जनवादी महिला समिति ब्लॉक प्रधान अकीला, सदस्य रानी व पूनम आदि उपस्थित रहें।



**यमुनानगर।** कैंप में आयोजित बैठक में भाग लेते अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय अध्यापक संघ के ब्लॉकस्तरीय चुनाव एक अगस्त से 30 सितंबर तक होंगे संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई राजकीय अध्यापक संघ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक

राजकीय अध्यापक संघ-70 हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की बैंठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के राज्य प्रधान मनोज सहरावत और राज्य चेयरमैन यशपाल ढांडा ने की। बैठक में संघ का आगामी त्रिवार्षिक चुनाव करवाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। एक अगस्त से 30 सितंबर तक राजकीय अध्यापक संघ के ब्लॉक के चुनाव संपन्न होंगे। बैठक का संचालन राज्य महासचिव राजेश शर्मा ने करते हुए त्रिवार्षिक चुनाव के लिए सुझाव मांगे। इसके साथ ही सेवा वृद्धि मामलों एवं इएसएचएम पदोन्नति मामलों में 50 प्रतिशत अंकों की समस्या समाधान कराने विचार भी मीटिंग पटल पर रखा। संघ के राय कोषाध्यक्ष विनोद जिंदल ने कहा कि जिन जिलों ने सदस्यता कर ली है वह अपनी काउंटर फाइल जमा कराए और जिन्होंने नहीं की है वे अपनी मेंबरशिप बुकलेट रिसीव कर सदस्यता अभियान करें। ताकि आगामी चुनाव कार्यक्रम संपन्न कराया जाए। संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान संदीप शर्मा ने कहा कि शिक्षा निदेशक से मीटिंग कर जेबीटी अध्यापकों की ट्रांसफर ड्राइव शीघ्र चलवाई जाए। क्योंकि उनके ट्रांसफर 2016 के बाद से हुए ही नहीं हैं। संघ के सलाहकार निरंजन सिंह बाल्यान, पूर्व राज्य प्रधान ने कहा कि संघ की सदस्यता करना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए संघ का सदस्यता अभियान चलाकर आगामी चुनाव से पहले पूरा किया जाए।

## रोटरी क्लब रादौर ने मेधावी छात्र सम्मान समारोह का किया आयोजन

# अच्छे संस्कारों से ही बच्चों को समाज में मिलता है सम्मानः शर्मा

- समारोह में मुख्यातिथि के रुप में चैतन्य ग्रुप के एमडी राजीव शर्मा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूर रादौर में रोटरी क्लब द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में चैतन्य ग्रुप के एमडी राजीव शर्मा व स्कूल के प्रिंसीपल रमन शर्मा ने भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी व सचिव भारत माटिया ने की। रोटेरियन पूजा माटिया व लक्ष्मी चोपड़ा ने बताया कि समारोह में 10वीं व 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 19 स्कूलों के 140 विद्यार्थियों को मुख्यातिथि राजीव शर्मा द्वारा प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में न्यू राइजिंग स्टार हाई स्कूल मंडोली, डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर, ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर, महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल,सुरेंद्रा हाई स्कूल कैंप, संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल, लाइक पब्लिक स्कूल रादौर, एमएलएन सीनियर सैकेंडरी स्कूल,दून पब्लिक स्कूल बुबका, एमडीवीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूलए हाफिजपुर, स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल फतेहगढ़, महाराजा अग्रसेन सीनियर सैकेंडरी स्कूल जठलाना, राजकीय स्कूल टोपरा कलां, इंडियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर, गुरुकुल लाडवा, अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली, एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर, राजकीय स्कूल अलाहर व हरि ओम शिव ओम विद्यालय के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर डीएवी स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि राजीव शर्मा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अनुशासन में रहकर कामयाबी हासिल करनी चाहिए। बच्चों को अपने गुरुजनों व बड़ों का आदर करना चाहिए। संस्कारों से ही बच्चों को समाज में मान सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि रादौर क्षेत्र में चौथी बार किसी समाजसेवी संस्था ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया है। जिसके लिए रोटरी क्लब के सदस्य बधाई के पात्र हैं।



**यमुनानगर।** रोटरी क्लब द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में पुरस्कृत किए गए बच्चे खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भविष्य में भी किया जाएगा सम्मानित

वहीं, क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी व सचिव भारत माटिया ने कहा कि रोटरी क्लब की ओर से भविष्य में भी इसी प्रकार क्षेत्र के मेधावी बच्चों को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। जिससे हम क्षेत्र के बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए जागरूक कर सकेंगे। इस अवसर पर डॉ. एससी सैनी,अभिषेक आहुजा, रोहित सैनी, राजेश शर्मा, निर्मल सिंह,कृष्ण आर्य, संदीप सैनी, आशु वर्माए,मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मोहित गर्ग, ब्रह्म प्रकाश टंडन व सुनील माटिया आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### प्राकृतिक संरक्षण दिवस पर सेमिनार आयोजित

**शाहबाद।** रोटरी क्लब द्वारा इनरव्हील क्लब के सहयोग से विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें 150 विद्यार्थियों और 50 शिक्षकों ने भाग लिया। अतिथि वक्ता रितु अग्रवाल ने कहा कि पक्षी प्राकृतिक संरक्षण दिवस हर साल 28 जुलाई को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए।

### रक्तदान शिविर 4 अगस्त को

**कुरुक्षेत्र।** आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र द्वारा 11वां रक्तदान शिविर 4 अगस्त को एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड बैंक में लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रधान डा. जसवंत सिंह ने बताया कि शिविर सुबह 8 बजे शुरू होगा। शिविर में 18 वर्ष से उपर का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नही आती है बल्कि शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।

### मंदिर में रोटी बनाने की ऑटोमेटिक मशीन स्थापित

**पिहोवा।** श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में अब शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं को शुद्ध गंगाजल उपलब्ध होगा। श्रावण मास में श्रद्धालुओं के लिए यह सौगात शुरू कर दी जाएगी। मंदिर के सचिव एवं प्रबंधक महंत विश्वनाथ गिरी और सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्री पंचयती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी के मार्गदर्शन में मंदिर कमेटी ने एक कंपनी से कॉन्ट्रैक्ट किया है।

### धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती



**लाडवा।** श्रीअग्रवाल सभा लाडवा के पदाधिकारियों ने रविवार देर शाम मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें लाडवा के महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का निमंत्रण पत्र भेंट किया। लाडवा में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 22 सितंबर को आयोजित होना है। यह जानकारी देते हुए श्रीअग्रवाल सभा लाडवा के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि श्रीअग्रवाल सभा के संरक्षक रविन्द्र बंसल,उप प्रधान अनुज गोयल व भाजपा मंडल, लाडवा के अध्यक्ष शिव गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें समारोह का निमंत्रण दिया।

## परीक्षा के लिए 30 जुलाई को 15 केंद्र और 31 जुलाई को 22 केंद्र बनाए

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 30 व 31 को, 13,427 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आगामी 30 और 31 जुलाई को जिले में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी ने पंचायत भवन में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारी के संदर्भ में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में 30 और 31 जुलाई को परीक्षा का आयोजन होगा, 30 जुलाई को परीक्षा सायं कालीन सत्र में होगी और 31 जुलाई को परीक्षा दोनों सत्रों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को सायं कालीन सत्र में लेवल 3 की परीक्षा बाद दोपहर 3 बजे से शुरू होकर सायं 5:30 बजे तक आयोजित होगी, इन परीक्षाओं में दोनों दिन कुल 13427 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, इसमें लेवल वन के लिए 4569, लेवल 2 के लिए 6615 और लेवल 3 के लिए 2243 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।




**कुरुक्षेत्र।** बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी, प्रातः: कालीन सत्र में लेवल 2 की परीक्षा प्रातः: 10 बजे से 12:30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी और साय कालीन सत्र में बाद दोपहर लेवल 1 की परीक्षा 3 बजे से 5:30 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को 15 केंद्र बनाए गए हैं जबकि 31 जुलाई को 22 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सेंटर सुपरिंटेंडेंट को कहा कि आप अपने-अपने केंद्र का दौरा कर लें तथा चेक कर लें कि वहां सभी मूलभूत सुविधाएं हैं या नहीं अगर कोई कमी है तो उस कमी को समय रहते पूरा करें। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा सीईटी परीक्षा की तरह पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इस अवसर पर डीएसपी सुनील कुमार,जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त : आशीष कुमार

*नगराधीश आशीष कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आगामी 30 और 31 जुलाई को जिले में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के मद्देनजर डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए है। इनमें एएससीओ बलवान को अग्रसेन पब्लिक स्कूल के दोनों ब्लॉकों के लिए, जीवीएच मथाना के वीएस डा. जयनारायण को बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के लिए, एलसी दलबीर को डीएवी पब्लिक स्कूल के दोनों ब्लॉकों के लिए, जीवीएच अभिमन्युपुर के वीएस डा. उत्पल कश्यप को डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 के लिए, एचएसएएमबी के एसडीई राकेश कुमार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लिए, पंचायती राज विभाग पिपली के एसडीओ विजय कुमार को महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल के दोनों ब्लॉकों के लिए, पीडब्लयूडी वन के एसडीओ चरणजीत सिंह को पूजा मॉडल स्कूल के लिए, पंचायती राज विभाग इस्माइलाबाद के एसडीओ रणबीर सिंह को एसएमबी गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के दोनों ब्लॉकों के लिए, भौर एसएससी के एईई अनुज कौशिक को सैनी पब्लिक स्कूल के लिए, पंचायती राज विभाग लाडवा के एसडीओ सुरेन्द्र कुमार को श्रीकृष्णा इन्सिटयूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सिरसला रोड के लिए, पिपली एसएसई के एई जोगिन्द्र सिंह को महावीर जैन पब्लिक स्कूल के लिए, बागवानी विभाग शाहबाद के अधिकारी अंकुश काम्बोज को टेक्नोलॉजी एजुकेशन एंड रिसर्च इन्सिट्युट बारना के लिए, पंचायती राज विभाग शाहबाद के एसडीओ सुरेन्द्र मोहन को भगवान परशुराम कॉलेज के दोनों ब्लॉकों के लिए, मथाना के बिजली विभाग के एई को सेठ टेकचंद मैमोरियल पब्लिक स्कूल के लिए, डीपीओ कार्यालय के अधीक्षक सुभाष चंद को द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज के लिए डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जबकि जीवीएचडीडी लैब के वीएस डा. रोहताश सैनी, आयुष विश्वविद्यालय से अधीक्षक अरविंद कुमार और पंचायती राज बाबैन के एसडीओ नीरज कांत को रिजर्व ड्यूटी में रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सब अपनी ड्यूटी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करे तथा तय समय सीमा के अंदर अपने परीक्षा केन्द्र का दौरा भी जरूर कर ले।*

## राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण के लिए 13.28 करोड़ की राशि को मंजूरी



**लाडवा।** राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य करते हुए मजदूर।

- मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लाडवा विधानसभा की बड़ी मांग को किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की बड़ी मांग को पूरा करते हुए राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण के लिए 13.28 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी है। लाडवा के लोगों की पिछले लंबे समय से राक्षी नदी के कार्य को करवाने की मांग चली आ रही थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने हलके लाडवा के लोगों की समस्या को समझते हुए इस कार्य को प्रमुख योजनाओं में शामिल किया और राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य को मंजूरी दी। साथ ही नदी की मजबूती और आवाजाही का आसान बनाने के लिए रास्ता निर्माण के कार्य को भी झंडी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राक्षी नदी पर आरडी 29800 से आरडी 35500 यानी बाबैन रोड से पिपली रोड पेवर्ड पैथ बनाए जाने के आदेश दिए। साक्षी नदी के बाईं साइड में इस रास्ते का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की मीटिंग में इस कार्य की मंजूरी मिली थी और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस कार्य के लिए 5 करोड़ 25 लाख 69 हजार रुपए राशि को मंजूरी दी है। सरस्वती नदी बोर्ड द्वारा कार्य की आगामी कार्रवाई को शुरू कर दिया है। बरसात समय के पश्चात यह कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राक्षी नदी पर आरडी 29800 से आरडी 31600 और आरडी 33800 से आरडी 35500 तक ट्रफ बनाने के कार्य को हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की मीटिंग में मंजूर किया था।

## प्राचीन लिपियों के संरक्षण की जरूरत : डॉ. पाल

- केयू में दस दिवसीय पाण्डुलिपि कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रामायण व महाभारत काल से ब्राह्मी आदि लिपियां अस्तित्व में रहीं हैं। इनके संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता है। जो लेखन शैली व लिपि संस्कृत भाषा के पास है वह संसार की किसी भाषा के पास नहीं। प्राचीन लिपियां हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये हमें अपने पूर्वजों के ज्ञान, विश्वासों, और जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान करती हैं। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट (डॉ) वीरेंद्र पाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत प्राच्यविद्या संस्थान व संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग, द्वारा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के वित्तीय सहयोग से 10 दिवसीय पाण्डुलिपि कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कार्यशाला के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसे एक सकारात्मक पहल बताया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ कीर्तिकांत शर्मा, पूर्व-लिपि



विशेषज्ञ, आई. जी. एन. सी. ए., दिल्ली ने कहा कि ब्राह्मी लिपि सभी लिपियों की जननी है। प्रायः प्राचीन ग्रंथ प्रथम ब्राह्मी लिपि में ही लिखे गए। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए हुए 35 प्रतिभागी प्रशिक्षण लेंगे। प्राच्य विद्या संकाय की डीन व संस्थान की निदेशिका प्रो. कृष्णा देवी ने आए हुए सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. कृष्णा देवी, आचार्य डॉ विजय श्री, डॉ विनोद कुमार शर्मा, डॉ तेलु राम, डॉ कृष्ण आर्य, प्रो ललित कुमार गौड़, प्रो. अनामिका गिरधर, प्रो भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम ने नाचने पर किया मजबूर

- महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के सदस्यों ने मनाया तीज महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अग्रवाल धर्मशाला रेलवे रोड में महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी परिवार) के सदस्यों द्वारा आयोजित तीज महोत्सव की रौनक देखने लायक थी। हर त्यौहार की भांति तीज उत्सव भी महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) परिवार के सदस्यों द्वारा एवं अग्रवाल समाज की महिलाओं ने उत्साह से मनाया। सभी आयु वर्ग के लोगों ने खूब सांस्कृतिक धमाल किया। इस मौके पर महिलाओं के साथ लड़कियों एवं बच्चों का भी



**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति एवं परंपरागत कोथली देते हुए।

जोश देखते ही बनता था। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि तीज महोत्सव की परम्परा के अनुसार भाईयों अशोक गर्ग, कपिल मित्तल, मुनीष मित्तल, विनोद गर्ग एवं भाभियों नीलम गर्ग, पिंकी जैन, पायल मित्तल व शालू गर्ग ने मैसी की नवविवाहित बहन ललिता गुप्ता को परम्परा अनुसार कोथली दी। इस मौके पर नरवाना से आए जादूगर सम्राट सूर्या उर्फ संजय गोयल ने खचाखच भरे हाल में जादू की कला से सभी को आचम्भित किया व खूब तालियां बटोरी। हरियाणवी एवं पंजाबी सांस्कृतिक कार्यक्रम ने तो सबको नाचने पर मजबूर किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता, समाजसेवी विपिन जिन्दल, डा. रामनिवास गर्ग, स्वाति गुप्ता, डा. सुभाष गर्ग, शिवम बंसल, रविन्द्र अग्रवाल, कपूर चंद गर्ग, अतुल गर्ग पंचकूला, राकेश गर्ग पंचकूला, रोशन लाल गुप्ता, विपिन गोयल पारस, मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल, डा. मोहित गुप्ता, अशोक गर्ग, प्रमोद बंसल, राजेश सिंगला, संजीव सीकरी, मास्टर लच्छी राम, पुरषोत्तम गुप्ता, अमर नाथ मित्तल, मनोज गुप्ता, कुलवंत गर्ग, सुमित हिन्दुस्तानी, विनय गुप्ता, कपिल मित्तल, अशोक गुप्ता, संजीव गर्ग, विजय गर्ग, श्रीकांत बंसल, अजय गुप्ता, सुमित गर्ग, विनोद गर्ग, रमेश गर्ग, विनोद अग्रवाल, श्रीराम बंसल, राजन जिन्दल आदि रहे।




**कुरुक्षेत्र।** किसानों को जागरूक करते कंपनी के अधिकारी।

### किसानों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया मैरिनो गोल्ड : तिवारी

**कुरुक्षेत्र।** कृषि क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता के लिए समर्पित एरिज एग्रो लिमिटेड ने शाहाबाद की अनाज मंडी में एक भव्य डीलर मीट का आयोजन किया। यह आयोजन आढ़ती ज्ञान चंद अमित कुमार के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुआ, जिसमें मैरिनो गोल्ड नामक नवीनतम उत्पाद को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस अवसर पर मंडी के प्रमुख पदाधिकारी धनपत राय अग्रवाल एवं स्वर्णजीत सिंह कालड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। डीलर मीट में शाहाबाद के अधिकांश डीलर, स्थानीय किसान और आढ़तीगण शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य किसानों को डी.ए.पी. और यूरिया के अत्यधिक उपयोग को कम करने और सूक्ष्म पोषक तत्वों की महत्ता के प्रति जागरूक करना था। एरिज एग्रो के उच्चाधिकारी अरुण कुमार तिवारी और सुभाष चारण ने जानकारी देते हुए कहा कि मैरिनो गोल्ड न केवल फसल की उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि यह किसानों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।

## खंड स्तरीय खेलों में गुरुकुल बना चैम्पियन

- विभिन्न खेलों की 25 टीमें रही प्रथम, फुटबाल में पिछले 20 वर्षों से है गुरुकुल का वर्चस्व कायम
- एथलेटिक्स में 20, बॉक्सिंग में 11 तथा शूटिंग में 2 गोल्ड जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपने चिर-परिचित अंदाज में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विविध खेल प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया जिसके फलस्वरूप खण्ड स्तरीय स्कूली गेम्स में गुरुकुल कुरुक्षेत्र ओवरऑल चैम्पियन बना। इस उपलब्धि से गुरुकुल में उत्साह का माहौल है क्योंकि गुरुकुल के इन सभी खिलाड़ियों का चयन अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। गुरुकुल के प्रधान



राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप ने सभी खिलाड़ियों व उनके प्रशिक्षकों को विशेष बधाई दी। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा एसजीएफआई के तहत 23 से 26 जुलाई तक स्कूली गेम्स प्रतियोगिता कराई गई जिसमें थानेसर जोन के 150 स्कूलों की 500 से अधिक टीमों के लगभग सात हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। अलग-अलग इवेंट की बात करें तो फुटबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, नेटबॉल, कबड्डी, योगा, जिम्नास्टिक, बैडमिंटन, टेबल टेनिस के सभी वर्गों में गुरुकुल कुरुक्षेत्र की टीम प्रथम स्थान पर रहीं। इसके अलावा एथलेटिक्स में 20 गोल्ड, 20 सिल्वर, बॉक्सिंग में 11 गोल्ड, स्केटिंग में 03 गोल्ड, शूटिंग में 2 गोल्ड, 2 सिल्वर, 2 ब्रांज मेडल अपने नाम किए।



### लवकुश छात्रावास में फन एक्टिविटी खेलों में विद्यार्थियों ने की मस्ती

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के लवकुश छात्रावास में शनिवारीय गतिविधि के अंतर्गत फन एक्टिविटी गेम्सका आनंदपूर्ण आयोजन रचनात्मकता, उल्लास, सहयोग और संस्कारों का संगम के रूप में मनाया गया। जो न केवल एक मनोरंजन कार्यक्रम था, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सहयोग भावना और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने का माध्यम भी सिद्ध हुआ। प्रात:कालीन वंदना सभा में सभी छात्रों ने सरस्वती वंदना से अपने अंतर्मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया। इसके पश्चात ह्वफन डे गेम्स/" में खेल गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के गतिविधि समन्वयक अच्छरु कुमार एवं शारीरिक आचार्य अजय वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में खेल गतिविधि कराई गई। समन्वयिका श्रीमती श्वेता त्रिखा ने स्वयं मंच संचालन किया एवं सभी शिक्षकों को भी बोलने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संपर्क अधिकारी तेजबीर सिंह एवं मुख्य पर्यवेक्षक भास्करानंद भी उपस्थित रहे। खेल गतिविधि में बीरभान एवं भारती बेंस ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।



### संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में हुई श्रावण मास की विशेष पूजा

**पिहोवा।** श्रावण मास के उपलक्ष्य में संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में भगवान शिव का लगातार पूजन जारी है। रविवार को हरियाली तीज और शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि पर भी विशेष पूजन हुआ। जिसमें दूर दराज से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत रूप से पूजन करवाया। इस अवसर पर गुरुग्राम और पानीपत से जिला सत्र न्यायाधीश भी पूजन के लिए पहुंचे। पूजा के बाद सभी गणमान्य व्यक्तियों और न्यायधीशों को सचिव महंत विश्वनाथ गिरी ने आशीर्वाद दिया। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी के आशीर्वाद से हरियाली तीज का पर्व भी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने विशेष रूप से भगवान शिव का पूजन किया। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को नाग पंचमी मनाई जाएगी। कैथल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, हिमांशु गोयल और व्यापारी नेता विकास गर्ग भी पूजन के लिए पहुंचे। भूषण गौतम ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन बेलपत्र पूजन जारी है। सुबह पांच बजे भगवान भोलेनाथ का बेलपत्र से विधिवत रूप से पूजन होता है।

**कार्यक्रम** कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का किया आयोजन

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की कल्पना रही प्रथम

### डॉ दीपक ने भारत में वन्यजीव संसाधनों की वर्तमान स्थिति तथा उससे जुड़ी चिंताओं पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के जीव विज्ञान विभाग के प्रोफैसर डॉ दीपक राय मुख्य वक्ता थे। डॉ दीपक राय ने इस अवसर पर ह्यजनमानस व पौधों को संयोजित करना, वन्यजीव सरंक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज विषय पर एक लोकप्रिय विज्ञान प्रस्तुत किया। डॉ दीपक राय ने अपने व्याखान के माध्यम से भारत में वन्यजीव संसाधनों की वर्तमान स्थिति तथा उनसे जुडी हुई चिंताओं




**कुरुक्षेत्र।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

पर चर्चा की। उन्होंने बताया की प्रकृति संसाधनों के अन्धा-धुन्ध दोहन से भारत में जैव सम्पदा दिन-प्रतिदिन घट रही है तथा उनके संरक्षण के लिए प्रभावी उपायों की तुरंत प्रभाव से अपनाने की आवश्यकता हैं। डॉ दीपक राय ने एक कार्यशाला भी बच्चों के लिए आयोजित की, जिसमें उन्होंने पक्षियों को पहचानने एवं इस कार्य हेतु उपयोग में लिये जाने वाले डिजिटल उपकरणों की भी जानकारी दी। केन्द्र के परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि प्रकृति संरक्षण हम सभी की जिम्मेवारी है। इस अवसर पर उन्होनें प्रकृति संरक्षण संबंधी विभिन्न समस्याएँ जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों का घटता क्षेत्रफल तथा मानव की बदली हुई जीवन शैली का प्राकृतिक संसाधनों एवं पर्यावरण पर प्रभाव इत्यादि के बारे में बच्चों का ज्ञानवर्धन किया। उन्होनें बताया कि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस जैसे कार्यक्रमों को मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं मे प्रकृति संरक्षण के प्रति वैज्ञानिक जागरूकता लाना एवं उनका ज्ञानवर्धन करना है।

### ये रहे परिणाम

केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जीतेंद्र कुमार दास ने बताया कि आज केन्द्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र की कल्पना को प्रथम, संजय गाँधी ओम प्रकाश गर्ग मेमोरियल पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की जन्नत को द्वितीय, डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के सानीर ककरा को तृतीय एवं मान्य, गरिमा, देवांश ठाकुर, जश्न, किंजल को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। केन्द्र में आज पेड पोधों को पहचानिए प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया] जिसमें अनन्य, सानिया, दिव्यन, हित्विक, अनाइषा, प्रतिभा, प्रथा, युवराज, ऋषभ, आरव, सस्वत कुमार, स्वस्तिक, प्रथमेश, कुशाग्र तिवारी, प्राणिति, आलिया को विजेता घोषति किया गया। केन्द्र में आज भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे सैनी पब्लिक स्कूल की अंकिता को प्रथम, सैनी पब्लिक स्कूल की अदिति को द्वितीय तथा गुरुनानक अकादमी की करीना को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

खबर संक्षेप

## चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया। इस मामले में शिकायतकर्ता सुखविंद्र सिंह ने 25 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने गांव भड़ोग में स्थित गुरूद्वारा से पानी की टोंटियां, बिजली की तार व बोर्ड चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज एक्टिवा चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी शुभम उर्फ बिच्छू को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ के दौरान चोरी की तीन अन्य वारदातें भी सुलझी है। शिकायतकर्ता वीरेंद्र कुमार ने 7 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित उसके घर के बाहर से आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## डेढ़ लाख की नकदी और आभूषण चोरी

**जींद।** चमेला कालोनी नरवाना में बीती रात चोरों ने मकान से डेढ़ लाख की नकदी तथा सोना, चांदी के जेवरातों को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चमेला कालोनी निवासी प्रमोद ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके घर में घुस आए और डेढ़ लाख रुपये की नगदी तथा चार तोले सोने के जेवरात, कपडों को चोरी कर लिया।

## कातिलाना हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** ढांड क्षेत्र में एक युवक पर कातिलाना हमला करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह व थाना ढांड पुलिस के एएसआई सुरेश कुमार की संयुक्त टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव टयोठा निवासी रोहित कुमार व कमोदा जिला कुरुक्षेत्र निवासी प्रिंस कुमार को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला यमुनानगर के गांव पम्मुवाला निवासी रामकुमार की शिकायत दर्ज करवाई थी।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**ढांड।** कैथल कुरुक्षेत्र रोड पर सोलूमाजरा के नजदीक अदानी साइलो के पास रविवार रात को बाइक सवार अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। पुलिस को दी शिकायत में बंदराना निवासी बलराम ने बताया कि वह रविवार को सीईटी का पेपर देने के लिए गया था। रात को जब ढांड बस स्टैंड पर पहुंच तो अपने 47 वर्षीय पिता ईशम सिंह को फोन कर उसे गांव में ले जाने को बुलाया था।

## इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए हवन का आयोजन

**उचाना।** कसूहन गांव में सभी ग्रामीणों द्वारा संयुक्त रूप से बाबा हरिपुरी मंदिर परिसर में भंडारे एवं हवन का आयोजन किया। इंद्र देवता को प्रसन्न करने एवं क्षेत्र की सुख.समृद्धि की कामना को लेकर इसका आयोजन हुआ। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भंडारे में पहुंचे। यहां ग्रामीणों के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। हर साल ग्रामीण संयुक्त रूप से मिलकर इस तरह का आयोजन करते है।

### मुख्यमंत्री ने अंबाला में तीज उत्सव पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को किया संबोधित

# सीएम ने दी कई विकास योजनाओं की सौगात, जल वितरण योजना के विस्तारीकरण पर 145 करोड़ रुपये होंगे खर्च

*सेक्टर 24 में 40 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होगा 9 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, एसवाईएल के दोनों ओर क्षतिग्रस्त पैच की मरम्मत के लिए 60 करोड़ रुपये की घोषणा का ऐलान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जलापूर्ति योजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए सोमवार को अंबाला शहर में जल वितरण योजना के विस्तारीकरण के लिए 145 करोड़ रुपये की घोषणा की। साथ ही सेक्टर 24 में 9 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए 40 करोड़ रुपये तथा एसवाईएल के दोनों ओर क्षतिग्रस्त पैच की मरम्मत के लिए 60 करोड़ रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं सोमवार को अंबाला शहर में तीज उत्सव पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अंबालावासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 73 करोड़ रुपए की लागत की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 26 करोड़ 49 लाख रुपए लागत की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन और 46 करोड़ 34 लाख रुपए लागत की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सेक्टर 10 में स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनावाने की घोषणा की। साथ ही नग्गल पीएचसी में 4 करोड़ रुपये की लागत से एक अतिरिक्त ब्लॉक बनाने तथा भूमि उपलब्धता के आधार पर शहर की मोटर मार्केट को स्थानांतरित करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि सेक्टर 23 में नया फायर स्टेशन बनाया जाएगा। साथ ही शहर में डॉक्टरों के रिहायशी मकानों के लिए 20 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा, भूमि उपलब्धता के आधार पर धूलकोट परिसर में कर्मचारियों के लिए केंद्रीयकृत कार्यालय अवासीय सुविधाओं युक्त बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नन्यौला माइनर के सुदृढ़ीकरण के लिए 2 करोड़ रुपये तथा बारिश के सीजन्न में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अंबाला ड्रेन के मनमोहन नगर भाग को 10 करोड़ रुपये की लागत से पक्का करवाने की घोषणा की। इसके अलावा, मॉडल टाउन ड्रेन के मथुरा नगरी, पुलिस लाइन, प्रेम नगर, विकास विहार, पटेल नगर, लक्ष्मी नगर, जंडली, सेक्टर 9,10 और जलबेड़ा भागों को पक्का करने के लिए 35 करोड़ रुपये की घोषणा की। गांव कावंला में 2 एमएलडी एसटीपी के लिए 1.61 करोड़ रुपये तथा उपायुक्त कार्यालय कैंपस अंबाला में जलभराव की समस्या से स्टॉर्म वॉटर डिस्पोजल के निर्माण के लिए 1.50 करोड़ रुपये की घोषणा की। सीएम सैनी ने पुराना दिल्ली रोड नाले को बरसाती पानी की निकासी के लिए पक्का करवाने के लिए 12 करोड़ रुपये की घोषणा की। उन्होंने अंबाला विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की 91.45 किलोमीटर की 56 सडक़ें, डीएलपी अवधि में है, उन्हें ठीक करवाया जाएगा। 81.86 किलोमीटर की 53 सडक़ों की 45.25 करोड़ रुपये की लागत से विशेष मरम्मत करवाई जाएगी। इसके अलावा, 25.61 किलोमीटर की 6 सडक़ों की विशेष मरम्मत के लिए 11 करोड़ 1 लाख रुपये की घोषणा की। मटेडी शेखां- नन्यौला सडक़ को चौड़ा करने के लिए 42 करोड़ रुपये और अंबाला में ओल्ड एनएच—65 के सडक़ (अंबाला के भाग) के सुदृढ़ीकरण के लिए 8 करोड़ रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अंबाला विधानसभा क्षेत्र के गांवों में विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बजट में घोषणा की है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए हर जिला स्तर पर एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त जिला अस्पताल होगा।



विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम नायब सैनी व अन्य।


तीज उत्सव पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम नायब सैनी।

## सीएम ने खुद चलाई हाथ चक्की

अंबाला। तीज उत्सव में मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए हाथ चक्की चलाकर व स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार सामान का अवलोकन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। तीज उत्सव में हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिनमें हरियाणवी रागनी, धार्मिक भजन, हरियाणवी नृत्य आदि की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। तीज उत्सव में महिलाओं के लिए खास तौर पर झूलों की व्यवस्था की गई थी जिन पर झूला झूलकर महिलाएं आनंदित हुई।


**अंबाला।** तीज महोत्सव पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व अन्य को संबोधित करते सीएम नायब सैनी।

## मुख्यमंत्री ने बेहतरीन काम करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

**अंबाला।** तीज का पावन पर्व मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंबाला में महिलाओं को कई सौगात दी। लाडो सखी योजना का शुभारंभ किया और एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशी देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को जुलाई, 2025 तक की 14 करोड़ 26 लाख रुपये की रिवॉलविंग फंड और सामुदायिक निवेश की राशि के चेक भी प्रदान किए। इनके अलावा, छह जिलों के रूरल माट्र्स की चाबियां भी संबंधित स्वयं सहायता समूहों को सौंपी गई। इसके अलावा, हस्तशिल्प में श्रेष्ठ काम करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इसमें राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार के लिए 3 लाख रुपये, उत्कृष्ठ महिला शिल्पकार पुरस्कार के लिए भी 3 लाख रुपये की राशि दी गई है। इसके अलावा, 51-51 हजार रुपये के 12 सांत्वना पुरस्कार दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले श्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह पुरस्कार भी प्रदान किए। हर जिले में प्रथम स्थान पर रहने वाले स्वयं सहायता समूह को 1 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार तथा तीसरे स्थान के लिए 25 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं, बेटियों और बहनों को पावन पर्व तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीज का पर्व केवल एक त्योहार नहीं यह हमारी समृद्ध संस्कृति, हमारी परंपराओं और हमारे अटूट सामाजिक ताने-बाने का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति के साथ हमारे गहरे जुड़ाव, नारी शक्ति के सम्मान और परिवार में प्रेम, सौहार्द और खुशहाली का संदेश देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन में खुशहाली बनाए रखने के लिए, हमें अपने रिश्तों को सींचना होगा, अपनी संस्कृति को संजोना होगा और प्रकृति का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयास रहा है कि हम अपनी गौरवशाली परंपराओं और त्योहारों को न केवल जीवित रखें, बल्कि उन्हें और भी भव्यता और उत्साह के साथ मनाएं। प्रदेशभर में लगातार तीज महोत्सवों का आयोजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य यह है कि हमारी नई पीढ़ी भी अपनी संस्कृति और विरासत से जुड़ सके और इन त्योहारों के महत्व को समझ सके। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलम्बन और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कर रहे है काम मुख्यमंत्री ने कहा कि तीज महोत्सव नारी शक्ति के सम्मान और उनके योगदान को रेखांकित करता है।

# तीज पर नारी सम्मान और सुरक्षा का ले संकल्पः चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि तीज का उत्सव महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्प लेने का अवसर है। आज हम यह प्रण लेते हैं कि हर बेटी को सम्मान, हर माँ को सुरक्षा और हर बच्चे को अवसर देना हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरती से की थी। जब 2015 में यह योजना शुरू हुई, उस समय हरियाणा में लिंगानुपात की स्थिति चिंताजनक थी। लेकिन निरंतर प्रयासों और योजनाओं के प्रभाव से अब इस असंतुलन में काफी सुधार आया है। उन्होंने ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना, प्रोटीन बार योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट क्लासरूम में बदलने की योजना, पोषण कार्यक्रम इत्यादि के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि शिक्षा बने हर बचपन की पहचान, सम्मान बने हर मां-बेटी का अभिमान ताकि तकनीक व नवाचार के साथ हरियाणा नारी शक्ति का प्रतीक बने। समारोह के दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के हर नागरिक को अपना परिवार मानकर कार्य करते है।


महिलाओं को झूला झूलाते सीएम नायब सैनी व परिवहन मंत्री अनिल विज।

# तीज महोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों से महिलाओं ने जमकर मचाया धमाल, बिलास पांडा को मिला गीत क्वीन का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारत विकास परिषद नगर शाखा द्वारा तीज का पारंपरिक पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला गतिविधि संयोजक मीनाक्षी शर्मा द्वारा सभी को तीज की शुभकामनाएं देते हुए एवं अतिथियों का स्वागत कर किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महिला संयोजक डॉ. अंजलि भारती का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत एक मधुर भजन द्वारा किया गया। सुनीता गर्ग ने सभी महिलाओं का तिलक लगाकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया। सविता गुप्ता ने तीज पर्व का महत्व समझाते हुए सावन का एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया। अनीता स्नेही जी ने लोकगीतों और संक्षिप्त विवरण के माध्यम से तीज के त्यौहार का अत्यंत सराहनीय वर्णन किया। कार्यक्रम को और भी रंगारंग बनाते हुए डॉ. रेखा शर्मा और रीना कौशिक ने एकल नृत्य प्रस्तुतियां दीं। साक्षी अग्रवाल ने सभी के लिए रोचक और मनोरंजक तंबोला खेल का आयोजन किया। रेनू वालिया ने प्रश्नोत्तरी द्वारा सभी बहनो को सोलह सिंगार से अवगत करवाया और सखियों के साथ सावन और तीज के गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया । तीज क्वीन का खिताब बिलास पांडा* ने पाया । सभी ने पांडा को बधाई दी और क्वीन का ताज भी पहनाया । कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य व मस्ती करते हुए त्यौहार को उल्लासपूर्वक मनाया। इस पावन त्यौहार पर शाखा से जुड़ी ज्यादातर महिलाओं ने भाग लिया साथ ही स्वादिष्ट स्नेक्स और भोजन का भरपूर आनंद उठाया। बोलियों का भी आयोजन किया।



**अंबाला।** तीज पर्व में हिस्सेदारी करने वाली महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

# छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे तीज पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने इस उत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी बच्चे हरे रंग की भिन्न भिन्न पोशाकों मे आए। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने भिन्न-भिन्न गानों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा दूसरी की छात्रा समायरा भाटिया ने सुंदर गाने पर नृत्य प्रस्तुति दी।

कक्षा दूसरी की छात्रा हरलीन ने तीज पर एक बहुत ही मनमोहक कविता सुनाई। कक्षा दूसरी की छात्राओं ने पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया । सभी बच्चे पार्टी टिफ़िनि लेकर आए थे। सभी बच्चों ने एक साथ बैठकर टिफ़िनि का आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने तीज पर्व के मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पर्व को सभी को मिलकर स्नेहपूर्वक मनाना चाहिए। किसी के प्रति बैर भावना नहीं रखनी चाहिए। प्रधानाचार्य जी ने बच्चो के रंगारंग कार्यक्रम की खूब सराहना की और सभी बच्चों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कोऑर्डिनेटर अमिता अरोड़ा ने भी बच्चो को प्रोत्साहित किया ० इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की।




# परिवहन व ऊर्जा विभाग की योजनाएं समय पर होंगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने राज्य सरकार की विकास प्रतिबद्धताओं और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने अंबाला के लिए विकास परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। यहां अपने उद्बोधन में विज ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बंसीलाल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके साथ 1996 से 2000 तक काम करने का अवसर उन्हें मिला। उन्होंने बताया कि बंसीलाल के सहयोग से अंबाला छावनी में नहरी पानी आधारित पेयजल योजना लागू की गई, जिससे वर्षों से जल संकट झेल रहे नागरिकों को राहत मिली। उन्होंने याद करते हुए कहा कि साहा इंडसट्रियल ग्रोथ सेंटर की स्थापना भी बंसीलाल के समर्थन से संभव हुई। उन्होंने कहा कि उन्होंने बतौर स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए अंबाला शहर के लिए कई अहम कदम उठाए। जिनमें अंबाला शहर नागरिक अस्पताल को 200 से 300 बैड का करवाया जाना। नन्यौला में डिस्पेंसरी, अंबाला शहर में बेहतरीन टीबी अस्पताल जैसे कार्य करवाए गए हैं। सावन की महत्ता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह महीना प्रकृति के यौवन का प्रतीक है। जब पेड़-पौधे हरे होते हैं, तो मानवीय मन भी आनंद से भर उठता है। इसी उल्लास और उत्सव की भावना से तीज जैसे पर्व मनाए जाते हैं, जो सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं। विज ने मुख्यमंत्री से कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।

## पौधे हमारे जीवन का आधारः सुशील प्रकाश

**कैथल।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरियाली को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार पुलिस लाइन कैथल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ होमगार्ड जवानों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर फलदार, छायादार तथा विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं, जो न केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम | चुडियाला के राजकीय उच्च विद्यालय में किया पौधरोपण

# छात्रों ने पर्यावरण को संरक्षित रखने का लिया संकल्प

- सभी छात्रों ने स्कूल प्रांगण को भी हरा भरा रखने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय उच्च विद्यालय चुडियाला के प्रांगण में सोमवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पहले तो स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया। इसके अलावा उन्हें घर पर एक-एक पौधा रोपण के लिए वितरित किया गया। सभी छात्रों ने स्कूल प्रांगण को भी हरा भरा रखने का संकल्प लिया। मुख्याध्यापक अनिल कुमार ने सभी छात्रों को प्रदूषित होते पर्यावरण के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि पेडों की अंधाधुंध कटाई की वजह से हमारा पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है। इसी वजह से कई घातक बीमारियां मानवीय जीवन पर असर दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमने पर्यावरण को प्रदूषित होने से नहीं बचाया तो आने वाले समय में इस धरती पर मानव जीवन बेहद मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने सभी छात्रों से एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने का आग्रह किया। इस दौरान पर्यायवरण को संरक्षित करने की शपथ ली गई। प्राकृति है मां इसे मत रुलाओ, संवेदना से जियो इसे बचाओ के नारे के साथ ही सभी छात्रों ने पर्यायवरण को बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रमनदीप सिंह गुजराल,हरजिंद्र सिंह, बलकार सिंह, प्रिया मलिक, सीता, कुलविंद्र कौर व सुनीता समेत स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।


पौधों के साथ पर्यायवरण को संरक्षित करने का संकल्प लेते छात्र।